भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2856

बुधवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए सहायता प्रदान करना</u>

2856. श्री कंवर सिंह तंवर: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में सौर छतों, बायोगैस संयंत्रों और छोटे पवन टर्बाइनों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उपायों को अपनाने के लिए घरों, औद्योगिक और सार्वजनिक संस्थानों को सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त जिले में स्थापित उपकरणों, लाभार्थियों की संख्या और प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, देश के सभी जिलों में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) और राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है। जहां तक लघु पवन टरबाइनों की स्थापना का संबंध है, वर्तमान में वित्तीय सब्सिडी/प्रोत्साहन प्रदान करने की कोई योजना नहीं है।

उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीएनईडीए) से प्राप्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में स्थापित सौर प्रणालियों का विवरण/लाभार्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

- पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत, 563 आवासीय घरों में रूफटॉप सौर संयंत्र लगाए गए हैं।
- 547.44 किलोवाट की कुल क्षमता के साथ 36 सरकारी भवनों में रूफटॉप सौर प्रणाली स्थापित की गई हैं।
- पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत, 51 ग्रिड कनेक्टेड सिंचाई पंपों को सौरीकृत गया है।
- कुल 1,544 सौर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम लगाई गई हैं।

*****